अब इंदौर वासी बनेंगे साइबर स्मार्ट

नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को कर रहे हैं जागरूक

6pm इंदौर। क्रिक हील फाउंडेशन द्वारा इंदौर पुलिस के साथ मिलकर साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा अभियान की शुरुआत मंगलवार से की गई। नुक्क ड़ नाटक के जरिए साइबर अपराध से कैसे बचा जाए इस बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ रवि नाटक ग्राम है मंगलवार को फाउंडेशन की चेयरमैन अनुपमा कैट करके मुख्य अतिथि में सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय बाजपाई और सहायक पुलिस आयुक्त निमिष अग्रवाल नगर सुरक्षा समिति के सदस्य गण विभिन्न स्कूलों के शिक्षक छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती अनुपमा ने बताया कि बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य किक विल फाउंडेशन इंदौर पुलिस के साथ मिलकर यहां साहिब और शिक्षा से साइबर सुरक्षा अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत मुंबई से आई ड्रामा टीम द्वारा 6 मई तक नुक्क ड़ नाटक के माध्यम से जनता को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करेंगे। इसके तहत प्रतिदिन 10 नुक्क ड़ नाटक शहर के प्रमुख चौराहों बाजारों स्कूल कालेज आदि विभिन्न स्थानों पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम यह मानकर चल रहे हैं कि प्रत्येक नाटक की प्रस्तुति से हम कम से कम 10 हजार लोग साइबर जागरूक बनेंगे और यह साइबर स्मार्ट लोग अपने परिवार के सदस्यों करीबी रिश्तेदारों एवं दोस्तों को जागरूक करेंगे।पुलिस अधिकारियों ने भी कहा कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने हेतु क्रिक हील फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयास में इंदौर पुलिस पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करेगी।